दिनांक 30.09.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

17 लोगों से वसूला गया 2600 जुर्माना

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने लाकडाउन का उल्लंघन करने वाले 17 लोगों से 2600 रुपए जुर्माना वसूला। कुछ दुकानदार लाकडाउन में दुकान खोलकर खाद्‌य सामग्री बेच रहे थे। छूट प्राप्त कुछ दुकानदार बिना मास्क के ग्राहकों को दवाइयां दे रहे थे। उन सभी दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। जोन- 1 की टीम ने 10 लोगों से 5000 रुपए जुर्माना लगाया। जोन- 2 की टीम ने सार्वजनिक स्थान पर मास्क नहीं पहनने पर एक व्यक्ति से 100 रुपए, जोन -4 की टीम ने दो लोगों से 1100 रुपए और जोन- 5 की टीम ने चार लोगों से 900 रुपए जुर्माना वसूला! निगम की टीम द्‌वारा विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया , टोटल लॉकडाउन में दुकानें बंद पाई गई!